संख्या-86/2015/आर.एफ.871/नौ-9-15-99आर.एफ./14

पेषक,

सुधीर सिंह चौहान,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, गोला बाजार, जनपद-गोरखपुर /डुमरियागंज, जनपद-सिद्वार्थनगर/गजरौला, जनपद-अमरोहा ।

नगर विकास अनुभाग9- लखनऊ : दिनांक 14 अगस्त, 2015

विषय- वित्तीय वर्ष 2015-16 में नया सवेरा नगर विकास योजना से ब्याज रहित ऋण के रूप में द्वितीय किश्त की धनराशि स्वीकृति करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-आर.एफ.-793/नौ-9-2014-99-आर.एफ./14 दिनांक 05 जनवरी 2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में नया सवेरा नगर विकास योजना के अन्तगत ब्याज रहित ऋण के रूप में 28 नगर पंचायतों हेतु रू0 38,24,88,000/-की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये उसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत धनराशि रू0 19,12,44,000/-(रूपये उन्नीस करोड़ बारह लाख चौवालिस हजार मात्र) अवमुक्त की गयी। **नगर पंचायत, गोला बाजार, जनपद-गोरखपुर, डुमरियागंज, जनपद-सिद्वार्थनगर, गजरौला, जनपद-अमरोहा** ने उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 50 प्रतिशत की धनराशि का उपयोग करते हुये अवशेष 50 प्रतिशत की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसके दृष्टिगत उपयुक्त शासनादेश संख्या- 793/नौ-9-2014-99-आर.एफ./14 दिनांक 05 जनवरी 2015 में उल्लिखित शर्तो के अन्तगत निम्न नगर पंचायतों को उनके सम्मुख अंकित अवशेष धनराशि कुल **रू0 01,53,55,000/- (रूपये एक करोड तिरपन लाख पचपन हजार मात्र)** अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है -:

(धनराशि लाख रूपये में)

क्रं0	जनपद का नाम	नागर निकाय का नाम	प्रशासकीय एवं वित्तीय	शासनादेश दिनांक 05.01.15 द्वारा प्रथम	अवशेष धनराशि

			स्वीकृति	किश्त के रूप में 50 प्रतिशत अवमुक्त धनराशि	की स्वीकृति (4-5)
1.	2	3	4	5	6
1	गोरखपुर	नगर पंचायत, गोला बाजार	53.86	26.93	26.93
2	सिद्वार्थनगर	नगर पंचायत, डुमरियागंज	117.24	58.62	58.62
3	अमरोहा	नगर पंचायत, गजरौला	136.00	68.00	68.00
		योग	307.10	153.55	153.55

(रूपये एक करोड तिरपन लाख पचपन हजार मात्र)

(1) उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक अनुदान की संख्या-37 के लेखाशीर्षक- ' 6215-जल पूर्ति तथा सफाई के लिये कर्ज- आयोजनागत-02-मल-जल तथा सफाई-193-नगर पंचायतों/अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उनके समतुल्य निकायों को सहायता-04-नया सवेरा नगर विकास योजना-30-निवेश/ऋण ' के नामे डाला जायेगा।

(2) सम्बन्धित निकाय द्वारा चालू कार्यों हेतु स्वीकृत की गयी उक्त धनराशि का बिल जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे सम्बन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकाय के खाते में धनराशि स्थानान्तरित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(3) उक्त् स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31 मार्च, 2016 तक करते हुये उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद एवं शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(4) संख्या-आर.एफ.793/नौ-9-2014-99आर.एफ./2014 दिनांक 05 जनवरी, 2015 में उल्लिखित शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

2. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-15-231/15 दिनांक 30 मार्च, 2015 में प्रतिनिधानित प्रशासकीय अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।

संख्या-86/2015/आर.एफ; 877 (1)/नौ-9.2015 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. सम्बन्धित मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. कोषाधिकार, गोरखपुर/सिद्वार्थनगर/अमरोहा।
4. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।
5. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ0प्र0 इलाहाबाद।
6. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7. सम्बन्धित नगर पंचायत, अध्यक्ष, उ0प्र0।
8. वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-8
9. गार्ड फाइल।
10. वेब मास्टर, कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग।

आज्ञा से,

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2015-2016

आवंटन दिनांक-14/08/2015

प्रेषण संख्या:- 86

आवंटन आदेश संख्या:- 001-86-2015-RF877-9-9-15-99RF-14

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2015-2016 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 6215 - जल पूर्ति तथा सफाई के लिये कर्ज(आयोजनागत-मतदेय)
02 - मल-जल तथा सफाई
193 - नगर पंचायतों / अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उनके
04 - नया सवेरा नगर विकास योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		30-निवेश/ऋण	योग
1	गोरखपुर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	2693000 9156000	2693000 9156000
2	सिद्धार्थनगर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	5862000 10997000	5862000 10997000
3	अमरोहा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	6800000 14426000	6800000 14426000
	योग	वर्तमान प्रगामी	15355000 34579000	15355000 34579000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया एक करोड़ तिरेपन लाख पचपन हजार

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया तीन करोड़ पैंतालीस लाख उन्नासी हजार

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी